आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 16.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए–मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित हुआ।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में अंडमान निकोबार प्रशासन द्वीपों के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।
- उप–राज्यपाल ने कहा कि मुख्यभूमि से दूरी और लॉजिस्टिक चुनौतियों के बावजूद द्वीप विकास प्राधिकरण की चवालीस में से पन्द्रह परियोजनाएं संचालित हो चुकी है।
- एडमिरल डी. के जोशी ने कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हुई है ।
- एडमिरल डी. के जोशी ने कहा कि लगभग बानवे हजार करोड़ रूपए से अधिक निवेश वाली अनेक दूरदर्शी परियोजनाएं द्वीपों को आर्थिक हब बनाएगा।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी को गार्ड ऑफ ऑर्नर पेश किया गया और सलामी दी गई। इस अवसर पर सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षकऔर अंडमान निकोबार पुलिस की टुकडियों ने परेड में भाग लिया। तटरक्षक के हैलीकॉप्टर द्वारा फ्लाईपास्ट भी किया गया। बाद में उप–राज्यपाल ने उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले द्वीपों के विभिन्न लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य समारोह स्थल पर पहुंचने से पहले उप–राज्यपाल ने राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल का दौरा किया और शहीद स्तम्भ पर पुष्पचक्र अर्पित किया। नेताजी स्टेडियम से उपस्थिति को संबोधित करते हुए एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में अंडमान निकोबार प्रशासन द्वीपों के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वे कल अठहत्तरवे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पोर्ट ब्लेयर के ऐतिहासिक नेताजी स्टेडियम में जन समूह को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि द्वीपों में कई महत्वकांक्षी और युगान्तरकारी परियोजनाएं चलाई जा रही है।

उप–राज्यपाल ने कहा कि मुख्यभूमि से दूरी और लॉजिस्टिक चुनौतियों के बावजूद द्वीप विकास प्राधिकरण की चवालीस में से पन्द्रह परियोजनाएं संचालित हो चुकी है।

एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हुई है। जल्द ही बारह यात्री क्षमता के हैलीकॉप्टर अपनी सेवाएं देना आरंभ कर देंगे। उड़ान योजना के क्रियान्वयन की दिशा में भी काफी प्रगति हुई है। इसके अलावा इस वर्ष नवम्बर में पोर्ट ब्लेयर से क्वालालामपुर के बीच पहली अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा संचालित होगी।

उप–राज्यपाल ने कहा कि द्वीपों में पर्यटन को भी और विकसित किया जा रहा है।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना का ज़िक्र करते हुए एडमिरल डी. के जोशी ने कहा कि लगभग बानवे हजार करोड़ रूपए से अधिक निवेश वाली अनेक दूरदर्शी परियोजनाएं द्वीपों को आर्थिक हब बनाएगा और इंडो–पैसेफिक क्षेत्र में भारत का प्रभुत्व स्थापित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल कैम्पबेल–बे के मिनी स्टेडियम में सहायक आयुक्त केशव नरेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण कर दस से अधिक विभागीय कर्मचारियों एवं पंचायत के सदस्यों को उनके उत्कृष्ठ कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मायाबंदर के खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला उपायुक्त दिलकुश मीणा ने ध्वजारोहण किया। विभिन्न स्कूलों, संस्थानों और कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किए गए। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><><>

एम.वी स्वराजद्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम की यात्रा पर जाएगा। अतिरिक्त सामानों की जांच आज दिन में दो बजे से शाम चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा कल सुबह आठ बजे आरंभ होगी। जहाज़ कल दिन में दस बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा ।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट – एसएसएलवी डी–3 प्रक्षेपित करेगा। यह उड़ान आज सुबह नौ बजकर सत्रह मिनट पर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित होगी।

इस प्रक्षेपण से एस.एस.एल.वी विकास परियोजना का कार्य पूरा हो जाएगा और भारतीय उद्योग तथा एन.एस.आई.एल द्वारा परिचालित मिशन संचालित हो पाएंगे। यह प्रक्षेपण यान दस से पांच सौ किलो के लघु, सूक्ष्म और अति सूक्ष्म उपग्रहों का प्रक्षेपण कर सकता है।

<><><><><><><>